# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक-16.10.2025**

**विषय:- नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर ले जाने के मामले में वांछित अभियुक्त मुकेश पाण्डेय को थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया, अपहृता/पीड़िता सकुशल बरामद।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा गुमशुदा/अपहृता की बरामदगी तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व मे थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-488/2025 धारा 87,137(2) बी0एन0एस0 व बढ़ोत्तरी धारा 64(1) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी से नामजद वांछित अभियुक्त मुकेश पाण्डेय पुत्र स्व0 दिनेश पाण्डेय नि0 आशापुर थाना सारनाथ वाराणसी को आज दिनांक-16.10.2025 को समय करीब 06.45 बजे सारनाथ रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार करते हुये, मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित नाबालिक अपहृता/पिड़िता को सकुशल बरामद किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना सारनाथ पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-**

दिनांक 15.10.2025 को वादिनी मुकदमा/प्रार्थिनी ने विपक्षी मुकेश पाण्डेय द्वारा वादिनी की नाबालिक पुत्री उम्र 16 वर्ष को बहला-फुसला कर ले जाने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना सारनाथ में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 रामरुप यादव द्वारा सम्पादित की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

मुकेश पाण्डेय पुत्र स्व0 दिनेश पाण्डेय नि0 आशापुर थाना सारनाथ वाराणसी, उम्र करीब 30 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण-**

मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अपहृता/पीड़िता, उम्र करीब 16 वर्ष बरामद।

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-**

दिनांक -16.10.2025 को समय करीब 06.45 बजे, सारनाथ रेलवे स्टेशन के पास से ।

**आपराधिक इतिहास-**

1- मु0अ0सं0 0488/2025 धारा 87, 137(2), 64(1) बी0एन0एस व 3/4 पॉक्सो एक्ट थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी ।

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

थानाध्यक्ष विवेक कुमार त्रिपाठी, उ0नि0 रामरूप यादव, म0उ0नि0 मीनू सिंह, हे0का0 विनोद कुमार ।



**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।**